RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 128 • 21:05:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

# 8 राज्यों की 49 सीटों पर 57.35% वोटिंग

## बंगाल में भाजपा-TMC समर्थक भिड़े, मुंबई में उद्धव गुट के 3 कार्यकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। कुल 57.35% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73% और सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88% मतदान हुआ है। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 60.70%, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 68.26% और लखनऊ ईस्ट सीट पर 52.25% वोटिंग हुई है। उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान CRPF के एक जवान की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और TMC समर्थकों के बीच झड़प हुई है। मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी EVM रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना (UBT) के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, गुलजार, सुभाष घई, अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी के अलावा RBI गवर्नर शक्तिकांत दास और अनिल अंबानी ने वोटिंग की। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, BSP सुप्रीमो मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ में, राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में वोट डाला। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है।



## बिहार की 5 सीटों पर पांचवें चरण में 55.85% वोटिंग

### सबसे ज्यादा मुजफ्फरपुर तो सबसे कम मधुबनी में

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों पर आज मतदान खत्म हो गया। इस चरण में सारण, हाजीपुर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी लोकसभा सीट पर वोट डाले गए। कुल 55.85 फीसदी मतदान हुआ। इसमें सबसे ज्यादा मुजफ्फरपुर में 58.10% तो सबसे कम मधुबनी में 52.50% वोट डाले गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने कहा कि बिहार में पांचवें चरण के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। शाम छह बजे तक कुल 55.85 फीसदी मतदान हुए जो अनुमानित है। उन्होंने कहा कि 2019 में इन सीटों पर 57.07 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार लगभग 1.25 फीसदी कम वोटिंग हुई है। सारण से एनडीए प्रत्याशी और सांसद राजीव प्रताप रूडी ने वोटिंग के दौरान गड़बड़ी की शिकायत की है। उन्होंने 3 बूथों पर गड़बड़ी को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इधर, मधुबनी में पुलिस ने एक युवक को फर्जी वोट डालने के आरोप में हिरासत में लिया है। हाजीपुर सीट के लिए वैशाली में वोट डालने पहुंची एक महिला को मतदान कर्मियों ने इसलिए रोक दिया, क्योंकि पेपर्स में उसकी मौत हो चुकी है। वो बोलती रही कि मैं जिंदा हूं तो सरकारी कागज में मरा हुआ कैसे बता दिया, लेकिन उसे बिना वोट डाले ही लौटना पड़ा। शाम 6 बजे तक चली वोटिंग में 95 लाख 11 हजार 186 वोटर्स ने हिस्सा लिया। इसमें से 49 लाख 99 हजार 627 पुरुष, 45 लाख 11 हजार 259 महिला और 300 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थें।

## जॉब देने के बहाने मां के सामने 5 युवकों ने किया बेटी से रेप

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में एक मां के सामने नाबालिग बेटी को जॉब देने के बहाने बुलाया था। वो अपनी बेटी के साथ डुमरी रेलवे स्टेशन के पास गई। वहां पहले से एक स्कॉर्पियो के पास 2 लोग खड़े थे। इसके साथ की गाड़ी के अंदर 3 और लोग बैठे हुए थे। उनलोगों ने जबरन गाड़ी में महिला और उसकी बच्ची को बैठा लिया। जिसके बाद दोनों के साथ मारपीट की गई। फिर बच्ची के साथ रेप किया। इस मारपीट से दोनों बुरी तरह घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपियों ने मां-बेटी को शेखुपरा पुल के पास सड़क किनारे फेंक दिया और फरार हो गए। रविवार की सुबह मां और उसकी बच्ची दोनों बेहोश मिलीं। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद डायल-112 को दी गई जिसके बाद नौबतपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को पटना एम्स में भर्ती कराया। बच्ची और मां का इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला ने इस संबंध में आवेदन दिया है। दानापुर के डीएसपी दीपक कुमार के मुताबिक महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जॉब के नाम पर डुमरी रेलवे स्टेशन के पास बुलाया था जहां 5 आरोपियों ने कार में बैठाकर पहले दोनों से मारपीट की फिर उसके सामने ही उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी मां और बेटी को शेखपुरा बांध के पास फेंककर भाग निकले। फिलहाल पुलिस बच्ची का मेडिकल टेस्ट करवा रही है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जहां से मां-बेटी मिली हैं वहां के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है।

# हेलिकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का निधन

## रईसी के निधन से गहरा दुख और सदमा लगा : पीएम मोदी

एजेंसी। नयी दिल्ली

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत-ईरान के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में रईसी के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी के दुखद निधन से गहरा दुख और सदमा लगा है। भारत-ईरान के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। उन्हें ले जा रहा हेलिकॉप्टर रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था लेकिन राष्ट्रपति की मौत की पुष्टि सोमवार को हेलीकॉप्टर का मलबा मिलने के बाद हुई। इस हादसे में ईरान के विदेश



मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन समेत हेलिकॉप्टर में सवार अन्य लोगों की भी मौत हो गई है। बता दें कि ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर ने हार्ड लैंडिंग की है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि इस हार्ड लैंडिंग का कोई ब्यौरा नहीं दिया गया है। कुछ लोगों ने जनता से रईसी और हेलीकॉप्टर में सवार अन्य लोगों के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया है। यह घटना तब हुई है जब रईसी और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने पिछले महीने ही इजराइल पर एक जबरदस्त ड्रोन और मिसाइल हमला किया था। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान की यात्रा पर थे। रिपोर्ट मे कहा गया है कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से करीब 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जुल्फा शहर के पास हुई।

### ईरान के अंतरिम राष्ट्रपति मोखबर और विदेश मंत्री बघेरी बने



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत के बाद खाली हुए पदों पर नए नामों पर फैसला किया गया है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का नया अंतरिम राष्ट्रपति बनाने पर सहमति बनी है। इसके साथ ही अगले 50 दिन में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने की बात भी कही गई है। चुनाव तक मोहम्मद मोखबर कार्यकारी प्रमुख के तौर पर कार्य करते रहेंगे। वहीं अमीर अब्दुल्लाहियान की जगह ईरानी कैबिनेट ने अली बघेरी को विदेश मंत्री बनाने पर मुहर लगा दी है।

# कटक में अपने प्रति लोगों का प्यार देख भावुक हुए पीएम

एजेंसी। कटक

## पेंटिंग और अन्य चीजें लेकर खड़े थे लोग



ओडिशा के कटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित कर राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर खूब प्रहार किया। इसी बीच रैली में पीएम मोदी के लिए कटकवासियों का प्रेम देखने को मिला। दरअसल, रैली को संबोधित करते समय पीएम मोदी की नजर अचानक भीड़ में खड़े उन लोगों पर पड़ी है, जो पेंटिंग और अन्य चीजें लेकर हाथ ऊपर करके खड़े थे। पीएम मोदी मंच से कहते हैं कि यह बहुत सारे लोग पेंटिंग या अन्य चीजें लेकर आए हैं। तभी पीएम मोदी ने मंच से एसपीजी कमांडो से उनसे पेंटिंग और अन्य चीजें लेने के लिए कहते हैं। पीएम मोदी उन सभी लोगों से अपने पेंटिंग के पीछे अपना नाम और पता लिखने के लिए कहते हैं। उन्हें चिट्ठी लिखने की भी बात करते हैं। इसके बाद पीएम मोदी की नजर भीड़ में खड़े एक बच्चे पर पड़ती है, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वेशभूषा पहनकर आया था। इस दौरान लोगों का खुद के लिए यह प्रेम देखकर मंच से पीएम मोदी भावुक भी दिखाई दिए। पीएम मोदी ने कहा, आपका उत्साह और आपका जोश ये दिखा रहा है कि 25 साल बाद ओडिशा नया इतिहास बनने जा रहा है। ओडिशा में 10 जून को भाजपा का पहला सीएम शपथ लेगा, ये तय है और आपके आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी की सरकार दिल्ली में शपथ लेगी। ये भी तय है। उन्होंने कहा, ओडिशा के लोग बीजेडी के भ्रष्टाचारी रैकेट से तंग आ चुके हैं। जो बीजेडी चिट फंड जैसे फर्जीवाड़े से गरीबों को धोखा देती है, वहां बीजेडी ने ओडिशा को लैंड माफिया, कोयला माफिया दिया है और बीजेडी के विधायक और मंत्री 24 घंटे इसी काम में लगे हुए हैं। इसतरह यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास संभव है क्या? बीजेडी के भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान हमारे नौजवानों को हो रहा है, नौजवानों को यहां से पलायन करना पड़ रहा है। बीजेडी सरकार राज्य में निवेश के लिए उचित माहौल नहीं बना सकी। एक माफिया है, जो हर सेक्टर पर कब्जा करके बैठा है और वहां माफिया ऐसा है कि यहां प्रतियोगिता आने ही नहीं देता। 10 जून को हमारी सरकार आने दीजिए, भाजपा सरकार इस माफिया की कमर तोड़ देगी। इसके पहले भी पीएम मोदी की कई जनसभाओं में इस तरह का नजारा देखने को मिल चुका है। बंगाल के हावड़ा में जनसभा को संबोधित करने के दौरान उनकी नजर भीड़ में खड़े तीन युवतियों पर पड़ी, जो हाथ में फ्रेम वाली तस्वीरें लेकर खड़ी थीं।

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा के कुकदूर थानांतर्गत ग्राम बाहपानी के पास सोमवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर है।

## सीएम केजरीवाल के बेडरुम में लगा है सीसीटीवी कैमराः मंत्री सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** जब आरोपों की बौछार होती है तो खुद को बचाने के लिए कई बार ऐसे बयान आते हैं जो चौंकाने वाले होते हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट को लेकर घमासान मचा हुई है। इस मामले में भाजपा हमलावर है तो आम आदमी पार्टी खुद का बचाव कर रही है। इस बचाव में कौन क्या कह रहा है इसका भी उन्हे शायद अंदाजा नहीं है। दअसरल,स्वाति मालीवाल का कहना है कि ड्रॉइंग रूम के सीसीटीवी फुटेज से सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। इस बयान पर आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि जिस ड्राइंग रूम में मारपीट का आरोप लगाया गया है वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह भी कहा है कि केजरीवाल के बेड रूम में सीसीटीवी लगा है पर ड्रॉइंग रूम में नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने सभी डीवीआर जब्त कर लिए हैं।

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Dr. Sanjay Jaiswal, Dr. M P Jaiswal Path, Bettiah -845438.**
Name of political party: **BHARTIYA JANTA PARTY**
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **DR. Sanjay Jaiswal** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM-III , Dhaka | Ghodasahan PS Case no. 165/2019 East Champaran dt. 12.05.2019 | Pending | U/s 147,149,341,323,295(A), 504,506, 171, (C) IPC &27 ARMS Act. Accused of creating illegal gathering, violence and spreading religious Frenzy during election. |
| 2 | ACJM-I , Kishanganj | Kishanganj PS 511/2019 dt 19/10/2019 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 3 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan PS 58/2017 East Champaran dt 18/02/2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 4 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jitna OP East Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 5 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jharokhar PS east Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |


# पहले चरण की वोटिंग के बाद चिंता हुई थीः अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण हुई कम वोटिंग पर अपने मन की बात कही है। उन्होंने कहा कि पहले चरण की वोटिंग को देखकर थोड़ी चिंता हुई थी,लेकिन इसके बाद की वोटिंग तो सभी चिंताओं को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के बाद पता चला कि विपक्षी वोटर कम मतदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष बहुत निराश है क्योंकि परिणाम प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में है। ऐसे में उन्हें लगता है कि गर्मी में बाहर निकलने से अच्छा है कि घर में ही बैठो। हालांकि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्हें भी घर से निकलकर मतदान करना चाहिए। लेकिन देखा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के वोटरों में बहुत कन्फ्यूजन है। उन्होंने कहा, हम चुनाव जमीनी स्तर पर लड़ रहे हैं। हर रैली के बाद हमने कम से कम 40 से 50 कार्यकर्ताओं से बात की और पता किया कि जमीन पर क्या चल रहा है। उनके फीडबैक के आधार पर ही पता चलता है कि चिंता की कोई बात ही नहीं है। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने राहुल गांधी के अलावा किसी को प्रोजेक्ट नहीं किया है। उत्तर प्रदेश के बारे में शाह ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि जाति के आधार पर वोटिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में यादव भी भाजपा को वोट दे रहे हैं। उन्होंने कहा, बीजेपी कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरला और तमिलनाडु में भी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इसके अलावा बंगाल में भाजपा 24 से 30 सीटों के बीच में जीतने वाली है। ओडिशा में इस बार बीजेपी सरकार बना रही है।

## बांग्लादेश के सांसद भारत में हो गए लापता, मुजफ्फरपुर में मिली आखिरी लोकेशन

**पटना।** इलाज के लिए भारत आए बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार लापता हो गए है। उनकी आखिरी लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में मिली है। सांसद की बेटी ने ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूस शाखा (डीबी) से मदद की गुहार लगाई है। बांग्लादेश के जेनैदाह-4 निर्वाचन क्षेत्र से अनवारुल अजीम अनार तीसरी बार सांसद चुने गए है।अपने पिता अनवारुल अजीम के लापता होने की खबर उनकी बेटी मुमतरीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। और ढाका पुलिस से मदद मांगी है। बताया जा रहा है कि इलाज के लिए भारत जाने के दौरान सांसद अनवारुल अजीम लापता हो गए। इस मामले पर उनकी बेटी ने डीबी प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हारुन-या-रशीद से मुलाकात की। डीबी पुलिस ने अपने बयान में कहा कि वे सांसद अजीम को खोजने के लिए भारतीय पुलिस के साथ काम कर रहे हैं। डीबी प्रमुख ने यह भी कहा कि उन्होंने अजीम के लापता होने पर भारतीय विशेष कार्य बल से संपर्क किया है। वे इस मुद्दे पर मिलकर काम कर रहे हैं। सुनने की समस्या के इलाज के लिए अनवारुल अजीम भारत गए थे। आमतौर पर उनका एक कान बंद रहता है। वो अक्सर इलाज के लिए भारत आते रहते हैं। वहीं सांसद की बेटी का कहना है कि हम पिछले तीन दिनों से अपने पिता से फोन पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। कभी-कभी फोन चालू होता है और कभी-कभी बंद रहता है। और अब जल्द मैं भारत जाने की योजना बना रही हैं।सांसद अनवारुल का परिवार इस मामले में डीबी के अलावा प्रधान मंत्री कार्यालय से संपर्क भी कर चुका है। सांसद की बेटी मुमतरीन ने बताया कि प्रधान मंत्री इस मामले को देख रहे हैं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है। मेरे पिता तीन बार निर्वाचित सांसद हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री उन्हें पसंद करते हैं। फिलहाल उनकी तलाश जारी है। डीबी चीफ हारून ने बताया कि उनके भारतीय मोबाइल फोन नंबर का अंतिम लोकेशन बिहार के मुजफ्फरपुर में मिली है।

## धार्मिक आधार पर आरक्षण का समर्थन नहीं करती कांग्रेसः जयराम रमेश

**पटना।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा के 369 सीटों पर चुनाव हो चुका है। शुरुआती दौर में ही साफ हो चुका था कि दक्षिण भारत में बीजेपी साफ और उत्तर भारत में हाफ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की कोई लहर नहीं है, युवाओं, मजदूरों में नाराजगी है। जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी जिस तरह मंदिर, मस्जिद और हिंदू-मुस्लिम की बात कर रहे हैं, उससे पता चल रहा है कि वह ध्रुवीकरण में लगे हैं। जबकि हमारे वादे जनता को पसंद आ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीजेपी 400 पार का नारा दे रही है और हम न्यूनतम मजदूरी दर 400 करने जा रहे हैं। हमारी गारंटी एक व्यक्ति की नहीं, पार्टी की गारंटी है। तेलंगाना और कर्नाटक में हमने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अब तक जाति जनगणना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है। उन्होंने सवाल पूछा कि पीएम स्पष्ट करें कि वह जाति जनगणना के पक्ष में हैं या नहीं? पूंजीपतियों का बड़ा कर्ज माफ हो गया, लेकिन किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ। कांग्रेस ने मुसलमानों को पूरा आरक्षण दिए जाने वाले बयान से किनारा कर लिया है।

# चुनाव नतीजे आने के बाद सेंसेक्स में आएगा बूम

एजेंसी। नई दिल्ली

- **पीएम मोदी ने कहा-10 साल में सेंसेक्स ने 25 से 75 हजार तक का सफर तय किया**




लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को आने हैं। चुनावी नतीजों के बाद सेंसेक्स ऐसा झूमेगा कि शेयर मार्केट के प्रोग्रामर थक जाएंगे। यह बात पीएम मोदी ने कही। उन्होंने कहा कि उनके 10 साल के कार्यकाल में सेंसेक्स ने 25 से 75 हजार तक का सफर तय किया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने मैक्सिमम इकोनॉमिक रिफॉर्म्स किए हैं। प्रो-आंत्रप्रेन्योरशिप पॉलिसीज हमारी इकोनॉमी को बहुत बल देती हैं। हमने 25 हजार से यात्रा शुरू की थी। आज 75 हजार पर पहुंचे हैं। जितने ज्यादा सामान्य नागरिक इस फील्ड में आते हैं, उतना इकोनॉमी को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हर नागरिक में रिस्क लेने की क्षमता बढ़नी चाहिए। यह बहुत जरूरी है। सोचने से बात बनती नहीं है। उन्होंने कहा कि चार जून को लोकसभा चुनाव का नतीजे आएंगे। हफ्ते भर में भारत का स्टॉक मार्केट ऐसा होगा कि प्रोग्रामिंग करने वाले थक जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की कंपनियों का शेयर कहां पहुंचा है। इस शेयर का मतलब होता था गिरना। स्टॉक मार्केट में अब उनकी कीमतें बढ़ रही हैं। एचएएल को विपक्ष ने जुलूस निकाला था। मजदूरों को भड़काने की कोशिश की गई थी। आज एचएएल को चौथी तिमाही में रिकॉर्ड प्रॉफिट हासिल हुआ है। एचएएल को 4 हजार करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। भारत की डिजिटल क्रांति का डंका दुनिया भर में बज रहा है और दुनिया भर में लोग इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता पॉल रॉमर्स के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कैसे दुनिया भारत की डिजिटल क्रांति को लेकर हैरान रह जाती है। इसके साथ ही उन्होंने डिजिटल क्रांति के फायदे और भारत में तेजी से ग्रोथ करती ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को लेकर भी विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि डिजिटल एंबेसी की जैसी कल्पना है, हम उसे प्रमोट कर रहे हैं। आपने जो डिजिटल क्रांति भारत में देखी है, आज गरीब के एम्पावरमेंट का सबसे बड़ा साधन डिजिटल रिवॉल्यूशन है। असमानता कम करने में डिजिटल रिवॉल्यूशन बहुत बड़ा काम करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया मानती है कि एआई में भारत पूरी दुनिया को लीड कर रहा है। हमारे पास यूथ है, विविधता है, डेटा की ताकत है।


## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय विद्यालय में 11वीं के लिए एडमिशन शुरू, सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच जमा करना होगा ऑप्शन फॉर्म

**पटना**। केंद्रीय विद्यालय बेली रोड में क्लास 11वीं में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 11वीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए छात्रों को सुबह 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच ऑप्शन फॉर्म जमा करना होगा। स्कूल में एडमिशन दो भाषा के पेपर और बेस्ट तीन विषयों पर आधारित संयुक्त मेरिट लिस्ट के आधार पर दिया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय बेली रोड के प्राचार्य पी. के. सिंह ने बताया कि कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट कक्षा 10वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 25 मई है और मेरिट लिस्ट 27 मई को डिस्प्ले किया जाएगा। आवंटित केवी के छात्र 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए दोनों शिफ्ट में आवेदन कर सकते हैं और शिफ्ट वाइज मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। यदि केंद्रीय विद्यालय बेली रोड के छात्रों के एडमिशन के बाद सीटें खाली रहती हैं, तो गैर-केवी छात्रों के आवेदन के लिए एप्लीकेशन फॉर्म के लिए पोर्टल खोले जाएंगे। केंद्रीय विद्यालय ने 11वीं कक्षा के नामांकन नियमावली में बदलाव किया है। नई नियमावली के अनुसार केंद्रीय विद्यालय से 10वीं में पास विद्यार्थी खुद अपने ही स्कूल में दाखिला नहीं ले पाएंगे। अब केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 में हर सेक्शन में अधिकतम 40 छात्रों को ही नामांकन दिया जाएगा।



### पिता ने ही बच्चे की कराई थी हत्या, पटना पुलिस ने बादल हत्याकांड का किया खुलासा



**पटना**। पटना पुलिस ने बादल(5) हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। बिजनेस पार्टनर को फंसाने के लिए पिता ने ही बच्चे की हत्या कराई थी। शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में चाकू से गोदकर बच्चे की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पिता पवन कुमार अभी फरार है। मामला 21 फरवरी का है। बच्चे को चाकू से गोदकर अपराधियों ने झाड़ियों में फेंक दिया था। गंभीर हालत में उसे दनियावां अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीणों का कहना था कि रामलालपुर गांव में पवन कुमार एवं सिकंदर के बीच व्यापार को लेकर विवाद चल रहा है। पहले भी दोनों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना हुई थी। इसी प्रतिशोध में पवन कुमार के पुत्र बादल कुमार(5) पर किसी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी पिता ने पड़ोसी सिकंदर यादव के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था और गांव के ही अपने दोस्त देवी लाल को गवाह बनाया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने कई पहलू को ध्यान में रखकर छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज इस हत्याकांड में अहम सुराग मिला। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की, तब मामले का खुलासा हुआ। बच्चे के पिता के कहने पर ही देवी लाल ने उसकी हत्या की थी। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने देवी लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुख्य साजिशकर्ता पवन की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### खुसरूपुर में अंशुल अभिजीत के पक्ष में जनसंपर्क अभियान, मीरा कुमार बोलीं- जनता कांग्रेस की ओर देख रही है

**पटना**। खुसरूपुर के कटौना, चौड़ा और बैकटपुर पंचायत में पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। चौड़ा में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी, धर्म, मंदिर और मस्जिद के नाम पर देश में शासन कर रही है। विकास का एजेंडा मोदी सरकार के पास कुछ भी नहीं है। लोगों को भ्रमित कर बीजेपी केंद्र की सत्ता पर बैठी है। बेरोजगारी और मंहगाई चरम सीमा पर है। किसान और युवाओं को झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। कानून के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश किया जा रहा है। इस बार का माहौल अलग है। जनता कांग्रेस की ओर देख रही है। मोदी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। जनसंपर्क अभियान में बख्तियारपुर के विधायक अनिरुद्ध यादव, राजद नेता श्याम नंदन कुमार यादव, रामजतन यादव, प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार, सीपीआई अंचल सचिव भूषण पांडेय, शुभास कुमार पोद्दार, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, डब्लू यादव, रंजित यादव, नितेश, रुदल, फोटू यादव, धर्मवीर यादव, प्रोफेसर रामायण यादव मौजूद रहे। इसके अलावा बख्तियारपुर, दनियावां और फतुहा से दर्जनों महागठबंधन के कार्यकर्ता पहुंचे थे।



### देर रात हरिहर नाथ मंदिर पहुंचे चिराग पासवान, पूजा-पाठ की, हाजीपुर सीट से हैं NDA उम्मीदवार

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर संसदीय सीट बिहार ही नही बल्कि देश के सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। जहां चाचा पशुपति कुमार पारस और भतीजा चिराग के बीच खींचातानी को लेकर हरदम सुर्खियां बटोरती रही है। इस सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के उम्मीदवार चिराग पासवान यहां से NDA के उम्मीदवार बनाए गए। वहीं दूसरी तरफ चिराग पासवान के सामने महागठबंधन की उम्मीदवार शिवचंद्र राम जो बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रहे हैं। लेकिन चुनाव से पहले चिराग पासवान मतदान से पहले अब भगवान भोलेनाथ की शरण में पहुंच गए हैं। जहां देर रात चिराग पासवान सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे और बाबा हरिहर नाथ का दुधाभिषेक किया। जिसके बाद उन्होंने हाजीपुर के रामचौरा मंदिर में जाकर भगवान प्रभु श्री रामचंद्र की के पद चिन्ह की पूजा पाठ एवं दर्शन किया। चिराग़ पासवान ने रात ढलते ही हाजीपुर इलाके का मंदिर-मंदिर घूमने लगे और अपनी जीत को लेकर भगवान से आशीर्वाद भी लिया है। चिराग पासवान को देखकर भारी संख्या में भीड़ से बचने के लिए चिराग पासवान रात का सहारा लेकर मंदिर में पहुंचे थे। इसकी भनक चिराग पासवान के कार्यकर्ताओं को भी इसकी भनक नहीं लगी थी। हाजीपुर में चिराग के लिए प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नीतिश कुमार सहित कई दिग्गज नेताओं ने चुनावी कैंपेन किया था। वहीं शिवचंद्र राम के लिए बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी खूब जनसभा किया था। शिवचंद्र राम को लेकर बिहार के आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी वीडियो जारी कर शिवचंद्र राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

### अनंत सिंह की पैरोल खत्म, देर रात बेऊर जेल पहुंचे, सोशल मीडिया पर लिखा- समर्थकों से वादा है बहुत जल्द लौटेंगे

**एजेंसी, पटना**।मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की पैरोल 19 मई की रात खत्म हो गई। देर रात अनंत सिंह फिर बेऊर जेल पहुंचे। उन्हें 15 दिनों के पैरोल की मिली थी। जिसके बाद अनंत सिंह 5 मई को जेल से बाहर आए थे। प्रॉपर्टी में बंटवारा कराए जाने का हवाला दिया था। इसी आधार पर राज्य के गृह विभाग ने उन्हें पैरोल पर जेल से बाहर आने की इजाजत दी थी। जो 19 मई की रात पूरी हो गई। पैरोल का समय पूरा होने के कारण वे वापस जेल पहुंचे।

# 7 जिलों में बारिश, बेतिया में आंधी-बारिश से घर गिरा, 3 गंभीर

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के कई जिलों में आज मौसम ने करवट ली। बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बेतिया, मुजफ्फरपुर, बगहा, सीवान, सुपौल, मोतिहारी और मधेपुरा में बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।बेतिया में सुबह आंधी के साथ बारिश से घर गिर गया। इसमें योगापट्टी प्रखंड के मच्छरगांवा नगर पंचायत के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, राजधानी पटना में तेज पूरवा हवा से लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर जिलों गर्म दिन रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावनाएं जताई है। दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। हालांकि, उत्तर में हुई बारिश का असर दक्षिण बिहार के कुछ जिलों में देखने को मिल सकता है। मौसम



विभाग के मुताबिक, 23 और 24 मई को 19 जिले में बारिश हो सकती है। विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी युक्त हवा का आना जारी है। सतह पर उत्तर-पश्चिम से हवा भी आ रही है। इन सभी वजहों से मौसम में हलचल देखी जा रही है। रविवार को बक्सर का अधिकतम तापमान प्रदेश में सबसे अधिक 44.9 और औरंगाबाद में 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**इन जिलों में बारिश की संभावना**: मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर बिहार और सीमांचल के कटिहार, दरभंगा,

**आकाशीय बिजली का अलर्ट**

समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, सुपौल, मधुबनी, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर समेत 19 जिलों में गरज के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है।

**बिहार में समय से दस्तक देगा मानसून**: मौसम विभाग की माने तो फिलहाल मानसून ने अंडमान निकोबार में दस्तक दे दिया है। सबकुछ सही रहा तो बिहार में 15 जून तक मानसून पहुंच जाएगा। हालांकि उससे पहले भी बंगाल की खाड़ी में बनते दबाव के चलते उत्तर बिहार में बारिश की प्रबल संभावना बन रही है। उससे पहले भी मानसून दस्तक दे सकता है।

# गंगा में डूबे दो व्यक्तियों की मिली लाशें

**एजेंसी, पटना।**

पटना के मनेर थाना क्षेत्र के महावीर घाट पर रविवार की सुबह सब्जियों से लदी नाव गंगा में समा गई थी। नाव पर 12 लोग सवार थे। जिसमें 10 तैर कर किसी तरह पानी से बाहर निकल गए थे। जबकि 2 लोग लापता हो गए थे। लापता व्यक्तियों की पहचान थाना क्षेत्र के गौरैयास्थान नागा टोला निवासी बिजेंद्र कुमार राय और रणवीर कुमार के रूप में हुई थी। दोनों की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ ने सर्च अभियान चलाया। रविवार की शाम तक शव नहीं मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम लौट गई थी। सोमवार की सुबह ग्रामीणों को सूचना मिली कि एक शव गौरैयास्थान घाट के पास और एक शव रतनतोला घाट के पास गंगा में उपला रहा है। जिसके बाद परिजनों ने दोनों शवों को पानी से निकाला। दोनों लाशें लापता बिजेंद्र कुमार राय और रणवीर कुमार की है।

**ग्रामीणों से सूचना मिली**: शवों को देखकर मृतकों के परिजनों में चित्कार का माहौल हो गया। लोगों ने शव मिलने की सूचना मनेर थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने



♦ सब्जियों से लदी नाव नदी में डूब गई थी, 12 में 10 लोगों ने तैरकर बचाई थी अपनी जान

शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मृतक ने परिजन राजनाथ कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को ग्रामीणों से सूचना मिला कि गौरैयास्थान घाट पर शव उपला रहा है। हमलोग वहां पहुंचे और शव को बाहर निकाला। फिर सूचना मिली की एक अन्य शव रतनटोला घाट पर पानी में उपला रहा। फिर उस शव को भी हमलोगों ने बाहर निकाला। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव के किसान महावीर टोला घाट के सामने दियारा में सब्जी की खेती करते हैं।

# 3 दोस्तों के साथ मिलकर बॉयफ्रेंड ने किया गैंगरेप

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर में एक युवती (19) ने अपने अपने बॉयफ्रेंड समेत चार लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि उसका बॉयफ्रेंड राजू उसे बाइक पर बैठाकर सुनसान एक लीची बगान में ले गया, जहां नशे की हालत में उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसका गैंगरेप किया। इस दौरान उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी गई। रेप के बाद लड़की को बेहोशी की हालत में छोड़कर सभी फरार हो गए। इस मामले में पीड़िता की ओर से महिला थाने में आवेदन दिया गया है। पीड़िता के बयान पर महिला थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी बॉयफ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी तीन फरार हैं। घटना अहियापुर थाना क्षेत्र का है। सदर थाना क्षेत्र के रहने वाली युवती का चक अहमद गांव के रहने वाले राजू



♦ मुजफ्फरपुर में पीड़िता बोली-घुमाने के बहाने बगान ले गया, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी

कुमार से 5 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों की दोस्ती मिस्ड कॉल से शुरू हुई थी। बातचीत करते-करते दोनों काफी नजदीक आ गए थे। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि उसका बॉयफ्रेंड उसे बाइक से घुमाने के बहाने लीची बगान ले गया। वहां उसने अपने तीन दोस्तों को भी बुला लिया। बॉयफ्रेंड और उसके तीनों दोस्त नशे में थे।

# होटल संचालक पर गोलीबारी मामले में 8 से पूछताछ

## लाइनर के इशारे पर अपराधियों ने मारी थी गोली, खटाल चलाने वाले की हुई गिरफ्तारी

**एजेंसी, पटना।**

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक हॉस्पिटल और होटल संचालक गुड्डू सिंह उर्फ अविनाश आनंद को सिर में गोली मार दी थी। घटना राजाबाजार के मछली गली में सुबह तब हुई थी जब संचालक घर से निकल कर बाइक से कहीं जा रहे थे। आनंद जैसे ही साईं मंदिर के पास पहुंचे लाइनर के इशारे पर पीछे से बाइक पर सवार 3 अपराधी आए और आनंद के सिर में गोली मार कर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने खटाल चलाने वाले मनोज राय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 8 और लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। पुलिस खटाल चलाने वाले मनोज के पिता देवकी राय को भी पूछताछ के लिए थाना ले कर आई है। इन लोगों से लगातार पूछताछ जारी है।

**मनोज और आनंद की पुरानी रंजिश**: आरोपी मनोज राय और



पीड़ित अविनाश आनंद दोनों मछली गली में ही रहते हैं। आनंद का होटल और हॉस्पिटल भी इसी गली में है। मनोज का खटाल भी इसी गली में है। खटाल की वजह से उस गली में गंदगी बनी रहती थी। आनंद हमेशा उसको बंद कराने की बात करता था। इसको लेकर दोनों में कई बार हल्की लड़ाई भी हो चुकी है, लेकिन कुछ दिन पहले कोर्ट के आदेश के बाद इस खटाल को प्रशासन ने खाली करा लिया। मनोज और उसके पिता को लगने लगा कि आनंद ने ही हमारा खटाल हटवाया है। इसी बात का बदला लेने के लिए मनोज ने आनंद को मारने की साजिश रची।

**लाइनर के इशारा करते ही मार दी गोली**: पुलिस इस मामले में 8 लोगों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस घटना को अंजाम देने वाले तीनों अपराधी बेली रोड पर रुक रहे। जब आनंद अपने घर से निकले उसी समय लाइनर ने बदमाशों को जानकारी दी कि वो निकल गया। जैसे ही आनंद साईं मंदिर पहुंचा लाइनर के इशारा करने पर बदमाशों ने आनंद पर गोली चला दी।

**आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है**: इस मामले की जांच पड़ताल और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर आनंद और मनोज की पुरानी रंजिश का पता चला है। खटाल खाली होने के बाद मनोज ने आनंद को मारने के लिए साजिश रची है। गोली मारने वाले शूटर्स थे। पुलिस आनंद का फोन का सीडीआर भी खंगाल रही है। ताकि ये पता चल सके कि आनंद ने उस दौरान किससे बात की थी। पुलिस अभी इस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# शालिनी आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक बन दे रही है रोजगार

**हाजीपुर**। नौकरी करना बड़ी बात नहीं नौकरी देना बड़ी बात है। पिता से बच्चपन में मिली इस मंत्र ने पोस्ट ग्रेजुएट युवती ने अपने मेहनत और पिता से बताए मार्ग पर चलते हुए महज 28 वर्ष की उम्र में शालनी आइसक्रीम फैक्ट्री का मालिक बन गई। वैशाली जिला के घटरो गांव निवासी अश्वनी कुमार सिंह व माता सुजाता सिंह की बड़ी पुत्री शालनी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपने लिए जिये तो क्या जिये औरों के लिए जीना ही असल जिंदगी मुल मंत्र पर चलते हुए शालनी आइसक्रीम उधोग जगत



में अपना एक अलग पहचान बन चुकी है। प्रारंभिक पढ़ाई हाजीपुर से करने के बाद मुजफ्फरपुर में अपने नाना के यहाँ रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली शालिनी सिंह आइसक्रीम फैक्ट्री की मालकिन बन गई है। जिला ही नहीं बिहार के सभी जिले में फैला है कारोबार शालनी ने बताया कि फैक्ट्री की कमियों को दूर कर जैसे-जैसे आगे बढ़ी समय और कामगारों के सहयोग से कारोबार से अच्छी कमाई होने लगी। वैशाली जिला तक फैले इस फैक्ट्री से बने 35 से अधिक तरह के आइसक्रीम का मांग राज्य के अन्य जिलों में किया जा रहा। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में वर्तमान समय में 75 से अधिक लोग काम करते है। इतना ही नही एक सीजन में लगभग 4 हजार लीटर आइसक्रीम बनाकर बिहार के सभी जिलों में सप्लाई की जा रही है। जिससे बहुत सुकून मिलता है। घटारों गांव निवासी 28 वर्षिया शालनी कुमारी ने बताया कि उनके पिता अश्विनी कुमार एक स्पेयर्स पार्ट की एक छोटी सी दुकान से परिवार को भरनण पोषण करते थे। तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी होने की वजह से पिता के संघर्षो को उसने बहुत निकट से देखा था। इसके बावजद भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा हाजीपुर से शुरु कर 2019 में एम कॉम करने के बाद पिता के काम को आगे बढ़ाने में लग गई। शालनी ने बताया कि वर्क शॉप में प्रतिदिन काम के छात्रों को टयूशन देना शुरु किया। लेकिन मन एक सपना था कि स्वयं का ऐसा बिजनेस हो जहां पर मान-सम्मान के साथ युवा बेरोजगारों के लिए कुछ किया जाए। इसी बीच 2019 में कोरना समय में पढ़ाई के साथ बचे हुए समय में सोशल मीडिया पर बिजनेश आइडिया के विषय में सर्च किया करती थी। शालनी ने बताया कि लड़की होने की वजह से फूड प्रोसेसिंग जैसे बिजने के विषय में सोचा करती थी, इसी दौरान आइसक्रीम फैक्ट्री लगाने के विषय में मन ही मन निश्चिय कर लिया। इसी बीच पापा के दोस्त का आइसक्रीम फैक्ट्री हाजीपुर में था, जहां कई बार जाकर विजिट किया। यह काम अन्य कामो से बेहतर लगा, जिसकी चर्चा पापा से कि इसी बीच पापा के दोस्त अपनी फैक्ट्री को लीज देना चाह रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर उनकी फैक्ट्री को स्वयं चलाने के लिए प्रेरित हो गई।

# ईवीएम व वीवीपैट मशीन के साथ मतदान दल जीपीएस युक्त वाहन से बूथ के लिए हुए रवाना

**एजेंसी, हाजीपुर।**

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवे चरण में हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में जिले के छह विस क्षेत्रों में चुनाव 20 मई को लेकर सारी तैयारियों के साथ मतदानकर्मियों को रविवार को ईवीएम और वीवीपैट के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम यशपाल मीणा व एसपी हर किशोर राय ने संयुक्त रूप से लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर 21-हाजीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए।

**1920 बूथों के लिए 8492 मतदानकर्मी**: हाजीपुर, महुआ, महनार, राजापाकर और लालगंज डिस्पैच सेंटर से 8 हजार 492 मतदान कर्मी 1920 मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। जिले के छह विस क्षेत्रों में स्वच्छ, निष्पक्ष भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए दृढ संकल्पित है। चुनाव कार्य में लगे हुए अफसर और कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन बेहतर ढंग से करते हुए चुनाव संपन्न कराएंगे। सभी अफसर और कर्मी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए मतदान की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से निष्पादित करेंगे। डीआरसीसी समीप बजगृह से मतदानकर्मियों को



संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम यशपाल मीणा ने कहा। साथ ही मतदान कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र जाने अथवा चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरबाही दिखी तो वैसे मतदानकर्मियों की नौकरी जा सकती है। डीएम ने कहा कि मतदान सामग्रियों को लेकर मतदान कर्मी सीधे मतदान केंद्र को पहुंचेंगे। साथ ही चुनाव खत्म होने के उपरांत ईवीएम जमा करने तक ये सजग रहेंगे। किसी भी परिस्थति में ईवीएम को बज्रगृह के अलावा कहीं और नहीं से जाना है। पूर्व की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समय पर ईवीएम जमा नहीं होने पर वैसे मतदानकमों पर कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोस चुनाव को लेकर जिले के छः विधानसभा क्षेत्र हाजीपुर, लालगंज, राघोपुर, महुआ, महनार एवं राजापाकर के सभी मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की गई है। इन सभी बिस क्षेत्रों में 1233 लोकेशन बूथों को चिन्हित किए गए हैं। सोमवार को हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के 19 लाख 67 हजार 94 मतदाता 14 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में सुबह 7 बजे से शाम के 6 बजे तक बोट डाले जाएंगे। 234 सेक्टर में बांटे गए सभी 6 विधानसभा क्षेत्र शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान हेतु छह विधानसभा क्षेत्रों को 234 सेक्टरों में बांटा गया है। जोनल दंडाधिकारी के अलावा पुलिस पदाधिकारी के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है। चुनाव कार्य में पीसीसीपी, माइक्रो ऑब्जर्वर, सब सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सुपर जोनल मजिस्ट्रेट और रिजर्व मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है।


Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **NAFISH AHMAD,** Ward No.-6 Naniyar Toll Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Nafish Ahmad** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Kishor Gaurav JM 1st Bettiah , West Champaran | 559/2020 kali bagh OP Bettiah Town West Champaran | Wair for Cognizance | U/S ,323,341,324,325,279, IPC Assault and Injured |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नारायणपुर**। भवानीपुर थाना क्षेत्र के नगरपारा गांव में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मामले को लेकर नगरपारा निवासी सुभाष ठाकुर ने गांव के ही सुनील ठाकुर, विश्वजीत कुमार, प्रीतम कुमार के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 12.34 लाख रुपए लोन का कराया गया री पेमेंट

**संग्रामपुर**। संग्रामपुर में गरीब तबके की महिलाओं को कम ब्याज पर लोन देकर आत्म निर्भर बनाने की दिशा में जीविका के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके तहत महिलाएं एक प्रतिशत महीना की दर पर लोन लेती हैं और उससे अपना बकरी पालन,मुर्गी पालन,खेती या दुकान करके उसे फिर से वापस भी कर देती हैं। इससे पैसे के लेन देन का एक चेन बना हुआ है और बैंक भी लगातार लोन देने में सहयोग कर रहा है। इसके तहत पूरे प्रखंड से एक वित्तीय वर्ष में जीविका के द्वारा सभी प्रकार के लोन का लगभग 12 करोड़ 34 लाख रूपया री पेमेंट कराया गया है। जानकारी देते हुए जीविका के बीपीएम मनोज कुमार ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में प्रखंड भर की सभी प्रकार के जीविका द्वारा संचालित 1136 समूहों और 117 ग्राम संगठनों के द्वारा दीदियों को जो भी लोन बैंक से दिया गया था उसमे उक्त वापसी कराई गई है जो पूरे बिहार में इस प्रखंड का लोन री पेमेंट करने में एक से दस के बीच में रैंकिंग है। सबसे खास बात यह है कि कोई भी संगठन का खाता एन पी ए नहीं होने के कारण बैंक भी बढ़चढकर लोन दे रहे हैं। एक एक जीविका दीदी को एक लाख से दो लाख तक ऋण देने का विकल्प हो चुका है। इससे जीविका दीदियां काफी कम ब्याज पर लोन ले रहीं है। प्रखंड 15664 दीदियां इसका लाभ ले रही हैं।

### कार्रवाई में विलंब से पीड़ित परेशान

**हेमजापुर**। थाना अंतर्गत शिवकुंड निवासी स्वर्गीय राम रक्षा सिंह के पुत्र शिव कुमार सिंह ने खेत में बने झोपड़ी में अगलगी तथा बलपूर्वक आम तोड़ने की शिकायत संबंधी आवेदन पत्र लगभग एक सप्ताह पूर्व हेमजापुर थाना में समर्पित किया है। दिए गए आवेदन पत्र में गांव के ही हृदय नारायण सिंह के पुत्र उदय सिंह एवं अन्य दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। आवेदक शिव कुमार सिंह ने बताया कि थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से अभियुक्त खुले आम सड़क पर घूम कर जमीन संबंधी टाइटल केस उठाने की धमकी देता है। साथ ही साथ जान से मारने की धमकी भी देता है। एसएचओ नीरज कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### सन्यास की घोषणा से फुटबॉल प्रेमियों में निराशा

**मुंगेर**। भारत के सबसे सफल फुटबॉलर और राष्ट्रीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि छह जून को कुवैत के विरुद्ध विश्व कप क्वालीफायर मैच में वह अंतिम हो सकती। बार नीले रंग की जर्सी पहनकर उतरेंगे और यह मैच समाप्त होने के साथ ही फुटबॉल के एक युग का भी अंत हो जाएगा। अंतिम मैच कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम पर होगा। जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला वहीं से विदा लेने से स्वर्णिम यात्रा की परिणति नहीं।

### नामांकन के लिए अब तक 39475 ने किया आवेदन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 31 मई तक विस्तारित की गई है। जिसके लिए छात्र-छात्राएं आवेदन कर रहे हैं। शनिवार तक करीब 39475 छात्र-छात्राओं ने यूजी के तीनों संकाय में नामांकन के लिए आवेदन किया। जिसमें कला संकाय में 34392, विज्ञान संकाय में 4774 तथा वाणिज्य संकाय में 309 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया। आवेदन के लिए अब गिनती के 12 दिन शेष रह गए हैं। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं मुंगेर विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल www.mungeruniversity .ac.in पर ऑनलाइन 1000 रुपए भुगतान के पश्चात कर सकते हैं। इसके अलावा नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में मैट्रिक का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट का प्रवेश पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र का वेब कॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### 29 मई तक आयोजित होगी बीएड की परीक्षा

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 तथा द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-24, परीक्षा- 2024 15 मई से चल रही है। जो 29 मई तक चलेगी। दोनों वर्ष की परीक्षा के लिए 04 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें बीआरएम कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर रहमानी बीएड कॉलेज मुंगेर और बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज खगड़िया, एसएई कॉलेज जमुई परीक्षा केन्द्र पर जमुई कॉलेज जमुई, एसएस कॉलेज मेहूस परीक्षा केन्द्र पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनम बरबीघा तथा केएसएस कॉलेज लखीसराय परीक्षा केन्द्र पर महात्मा गांधी बीएड कॉलेज लखीसराय के परीक्षार्थियों की परीक्षा चल रही है। अब अगली परीक्षा 21 मई को होगी। जिसमें पहली पाली में द्वितीय वर्ष के पेपर-10 एवं दूसरी पाली में प्रथम वर्ष के पेपर-3 की परीक्षा होगी।

### वाहन की टक्कर से एक घायल, चल रहा इलाज

**मुंगेर**। पूरबसराय थाना क्षेत्र के पूरबसराय दुर्गा स्थान समीप मालवाहक वाहन ने 47 वर्षीय शंकर कुमार शर्मा को टक्कर मार दी। जिससे शंकर कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि वह दोपहर घर से दुकान जा रहा था। इसी दौरान पूरबसराय की ओर से आ रही एक मालवाहक वाहन ने उसे किनारे से टक्कर मार दी।

### शहर की दिव्यांग महिला, विधवा व अनाथ बेटियों को गोद लेगी ऑवर हुनर सोसायटी

**मुंगेर**। नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाली गरीब असहाय महिला और युवतियों को अब आवर हुनर सोसायटी संस्था गोद लेगी और प्रत्येक वार्ड से एक महिला और एक युवती को आत्म निर्भर बनाने के लिए इन्हें सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मिथिला पेंटिंग, रंगोली का प्रशिक्षण सहित अन्य तरह का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उसे आत्म निर्भर बनाने का काम करेगी। यह जानकारी आवर हुनर सोसायटी के सचिन प्रीती कुमारी वैश्य ने दी। उन्होंने बताया कि यह 90 दिन का प्रशिक्षण होगा और निगम क्षेत्र के 45 वार्ड में जो गरीब असहाय महिला व युवती है, उसे जनसंपर्क कर खोजा जाएगा। प्रत्येक वार्ड से दो महिला का चयन किया जाएगा। जिसमें एक विधवा महिला और एक युवती रहेगी। उसमें भी जिसके पिता का देहांत हो गया है या जिनके पती मर गए हैं। उन्हें बच्चे का परवरिश करने के लिए सोचना पड़ रहा है, वैसे युवती और महिलाओं के लिए संस्था ने यह बीड़ा उठाया है कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में इसके लिए संस्था के सचिव प्रीती कुमारी और उसके पती अजय कुमार स्वर्णकार जनसंपर्क कर रहे हैं। सचिव ने बताया कि निगम क्षेत्र के कुल 90 महिला और युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने एक हेल्प लाईन नंबर 9504968405 जारी किया है।

**उद्योग विभाग देगी रोजगार**: सचिव ने बताया कि जिन महिला और बेटियों को गोद लेकर उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। जिसके बाद उन सभी विधवा महिला और अनाथ बच्चों को उद्योग विभाग से जोड़कर उन्हें व्यवसाय के साथ रोजगार करने के लिए सरकार के द्वारा दी जा रही योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जिससे कि वो आत्म निर्भर होकर रोजगार कर सके और अपने परिवार का परवरिस भी आराम से कर सके। जबकि वैसी बेटियां जिनका पिता अब इस दुनियां में नहीं है, वह भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मिथिला पेंटिंग, रंगोली बनाकर रोजगार कर सकती है और दूसरों को भी प्रशिक्षण दे सकेगी।

# विश्वविद्यालय जमीन पर कब्जा करने वालों पर होगी FIR

निज संवाददाता। भागलपुर


जांच रिपोर्ट पर 48 घंटे में होगा मामला दर्ज, अधिकारियों ने जमीन का लिया जायजा

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की जमीन भू माफियाओं की नजर में है। टीएनबी कॉलेज की बाउंड्री वॉल के सामने से गुजरने वाली सड़क के सामने खाली पड़ी विश्वविद्यालय की जमीन पर अनाधिकृत रूप से आसपास के लोग और कई संस्थानों ने बांस-बल्ला और बोर्ड लगा दिया है। प्रवेश करने के लिए अस्थाई रास्ता भी जुगाड़ के सहारे बनाया है। जिसको लेकर अब विश्वविद्यालय प्रशासन एक्शन में है। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने रजिस्ट्रार, सीसीडीसी, जनसंपर्क पदाधिकारी को मौके पर जांच का आदेश दिया। कुलपति के आदेश पर तीनों अधिकारी रविवार को विश्वविद्यालय की जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे। लेकिन स्थल पर जाने के बाद रजिस्ट्रार कार में ही बैठे रहे, उनसे कई बार अनुरोध करने पर भी वे स्थल पर नहीं गए। सीसीडीसी ने जब कुलसचिव से अनाधिकृत हॉर्स क्लब स्थल पर निरीक्षण के लिए अनुरोध किया तो उन्होंने कहा की ये सब छोटी-छोटी बातें हैं। वे कार में ही बैठे रहे। जिसके बाद सीसीडीसी और पीआरओ ने जायजा लिया और स्थल की वीडियोग्राफी कराई। स्थल जांच के बाद सीसीडीसी और पीआरओ ने कुलपति को मामले से अवगत कराया। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाने के निर्देश दिए। जांच कमेटी में कुलसचिव के अलावे प्रॉक्टर और यूनिवर्सिटी इंजीनियर को सदस्य बनाया गया है। कुलपति ने कमेटी के संयोजक और रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा को 48 घंटे में मामले की जांच कर दोषी व्यक्ति और संस्थान का पता लगाकर उन पर विश्वविद्यालय थाना में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

**कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं**: वीसी ने कहा की विश्वविद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण मामले में किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टीएनबी कॉलेज के सामने टीएमबीयू की 22 बीघा जमीन पर भी भू-माफियाओं ने कब्जा जमाया था, लेकिन सीनेट सदस्य डॉ. मृत्यंजय सिंह गंगा की पहल से मामला प्रकाश में आया था। जमीन को भू-माफियाओं के कब्जे से निकालने के लिए मामला न्यायालय में चल रहा है।

**दो और कॉलेज की जमीन पर कब्जा**: कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के पीछे स्थित सिटी कॉलेज और पीएनए साइंस कॉलेज से लेकर टीएमबीयू के सीनेट हॉल तक स्थानीय लोगों ने अस्थाई कच्ची सड़क बनाने के साथ-साथ वहां बिजली के खंभे भी गाड़ दिए हैं। इसकी भी जांच करने के लिए और दोषियों पर अविलंब एफआईआर दर्ज करने के लिए कमेटी के संयोजक को जिम्मेदारी दी है। साथ ही कमेटी को 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया है।

# भागलपुर में छापेमारी के दौरान 8 बदमाश गिरफ्तार



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंतराजीय चोर गिरोह का।पर्दाफाश किया है। दरअसल रविवार को बाईपास थाना क्षेत्र के एक ढाबा में सभी बदमाश अपराध के उद्देश्य से जमा हुए थे। इसके बाद पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई उक्त सूचना को सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए एसएसपी के निर्देश पर विधि व्यवस्था डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा छपामारी करते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने तीन बाइक, एक लैपटॉप एक एलइडी टीवी, चांदी का आभूषण, पीतल की मूर्ति, 7 मोबाइल, स्क्रू ड्राइवर भारी मात्रा में कपड़े एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

**क्या बोले DSP**: मामले को लेकर विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि अपराध की उद्देश्य कुछ व्यक्ति बाईपास थाना क्षेत्र के एक ढाबा में जमा हुए थे। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने सूचना को सत्यापन कर एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त डाबा पर छापामारी की गई। जहां से अंतर्जातीय चोर गिरोह के आठ सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बेजानी निवासी सत्यनारायण भगत के पुत्र बासुकी भगत। बड़ी नीमा निवासी सीताराम शाह के पुत्र मुन्ना शाह, मुस्तफापुर निवासी मोहम्मद निजाम के पुत्र मोहम्मद काले और मोहम्मद जालिम के पुत्र मोहम्मद शाहबाज उर्फ छोटू, तमौनी निवासी ब्रह्मदेव शाह के पुत्र रंजीत शाह, गौरीचक की निवासी विलास यादव के पुत्र अरविंद कुमार एवं मुंगेर निवासी चंदन चौधरी के पुत्र संजय चौधरी के रूप में की गई है। पुलिस ने सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिक की दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# NH जाम कर प्रदर्शन करने वाले 12 गिरफ्तार, सड़क हादसे के बाद पुलिस पर किया था पथराव

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सबौर एनएच-80 पर शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था। सरकारी काम में बाधा डाला था। पुलिस अन्य पदाधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने, पुलिस पर ईंट-पत्थर चलाने, भारी वाहनों का शीशा फोड़कर क्षतिग्रस्त के मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ नामजद और 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की थी।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है**: गिरफ्तार आरोपी सबौर थाना क्षेत्र के घोषपुर ग्राम निवासी विवेक कुमार, अरविंद कुमार, प्रीतम कुमार दयानंद तांती, शत्रुघ्न कुमार, अनिल तांती और फरका ग्राम निवासी छोटू कुमार, दशरथ कुमार, मिथुन कुमार, सुमन कुमार, रिशु कुमार और दीपक कुमार है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सबौर थाना के प्रशिक्षु आईपीएस अभिनव कुमार ने बताया कि 12 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सभी को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

**3 दिन पहले सड़क हादसे के बाद हुआ था बवाल**: तीन दिन पहले (शुक्रवार की रात) सबौर थाना क्षेत्र के फरका गांव के समीप तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। मौत के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी के साथ भी धक्का-मुक्की की थी। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव, भारी वाहनों के शीशे तोड़ दिए। मुख्य मार्ग जाम रहा। इसके बाद मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी और पुलिस बलों ने किसी तरह समझौता कर शांत करवाया मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया ह। फिलहाल अन्य फरार आरोपियों के लिए छापेमारी कर रही है।

# गंगा दियारा से सफेद बालू का अवैध खनन, हर माह 60 लाख रु. से अधिक का काला कारोबार



निज संवाददाता। भागलपुर

नदियों से लाल बालू के बाद अब खनन माफियाओं की नजर गंगा दियारा के सफेद बालू पर है। गंगा दियारा के घोघा, कहलगांव के बटेश्वर स्थान, नवगछिया के तिनटंगा और जह्नावी चौक के पास के इलाकों से सफेद बालू का धड़ल्ले से खनन किया जा रहा है। करीब 30 किलोमीटर के दायरे में फैले गंगा दियारा के सफेद बालू का खनन कर उसका इस्तेमाल 50 से अधिक ईंट-भट्ठों में किया जा रहा है। भास्कर की टीम ने जब उन इलाकों में जाकर इसकी पड़ताल की, तो हकीकत सामने आई। हालत यह है कि रोज औसतन 300 ट्रैक्टर से सफेद बालू की ढुलाई की जा रही है। करीब 700 रुपए में एक ट्रैक्टर बालू ईंट-भट्ठा संचालक को बेचा जा रहा है। आकलन के मुताबिक रोज इससे बालू माफियाओं को 2.10 लाख रुपए की अवैध कमाई हो रही है। महीने में 60 लाख रुपए का काला कारोबार हो रहा है। थानों की पुलिस व खनन विभाग के कुछ अफसरों की मिलीभगत से यह कारोबार चल रहा है। जिला स्तर के पदाधिकारी कभी-कभार छापेमारी कर एक-दो ट्रैक्टर पकड़ कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहे हैं। घोघा में ट्रैक्टर से ढोया जा रहा सफेद बालू। सफेद बालू का अवैध खनन सबसे अधिक घोघा इलाके में हो रहा है। इस इलाके में ईंट-भट्ठों की संख्या सबसे अधिक है। वहां बालू आसानी से खप जाते हैं। जब भी थाने में कोई नए अफसर आते हैं तो दो-तीन बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ अपनी जिम्मेदारी पूरी करते हैं। फिर अवैध कारोबार चलता रहता है। अवैध खनन में इलाके के दबंग शामिल हैं। इस कारण लोग विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। खुले ट्रैक्टर पर बालू ढुलाई से वायु प्रदूषण हो रहा है। कहलगांव के बटेश्वर स्थान के गंगा दियारा में करीब आधा दर्जन ईंट-भट्ठे हैं। वहां नाव से दियारा के इलाके से बालू खनन कर गंगा के किनारे लाया जा रहा है। यह काम बरसात के पहले तक चलता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंगा दियारा से बालू का अवैध खनन करने के बाद उसे इस पार में लाकर जमा कर रखा जाता है और इसके बाद वहां से ट्रैक्टर से ढुलाई की जाती है। खनन और ढुलाई का खेल रोज चलता है। नवगछिया के तिनटंगा दियारा में जेसीबी से सफेद बालू का खनन किया जा रहा है। वहां तक जाने के लिए रास्ते बना हुआ है। दिन में पुलिस प्रशासन से बचने के लिए रात में यह काम ज्यादा होता है। बालू को 600-700 रुपए प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से मकान बनाने वालों को बेचा जा रहा है। जमीन भरने में इसका इस्तेमाल होता है। ईंट-भट्ठों में भी उसे खपाया जा रहा है।


Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Md. Kalam Sai @Kalam Dewan**, Ward No. 5 Bishambharpur, Majhauliya.
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Md. Kalam Sai @ Kalam Dewan** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM Bettiah , West Champaran | 889/2022 Majhauliya PS West Champaran | Wair for Cognizance | U/S 406,420,467 IPC Fraud |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Condidate: **Mohammad Soaib**, Ward No.-5 Chhawani Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Mohammad Soaib** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District and Session Judge Bettiah West Champaran | 758/2013 Bettiah Town West Champaran | Evidence | U/S147,148,232,149,341,325,447 ,302/34 IPC Assault and Murder |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैनाटांड़ में चुनावी सभा को किया संबोधित

चाणक्य भूमि



**मैनाटांड़** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैनाटांड़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन पर बिहार की जनता ने विश्वास किया। हमने लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम किया है। एनडीए द्वारा पक्षपात रहित विकास किया गया है। 2005 के पहले का बिहार कैसा था उसकी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले महिला को तो छोड़िए पुरुष भी शाम के बाद घर से नही निकलते थे।आज महिलाएं भी बिना डरे घर से निकल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क योजना से गांवों को शहर से जोड़ने का काम किया गया। आज किसी भी सुदूरवर्ती गांव में जाने के लिए किसी भी मौसम में सोचने की जरूरत नहीं है। आज सरकार के प्रयासों से बिहार को उस दलदल से निकाला गया है। इस राज्य को अपमानित होना पड़ता था। बिहार की बेटियों के लिए वह सभी काम सरकार ने किया जिससे उनका उत्थान हुआ है। मुख्यमंत्री साईकिल योजना, छात्रवृति योजना और प्रोत्साहन योजनाओं को चलाकर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया गया है। बिहार की बेटियां किसी से कम नहीं। कानून व्यवस्था इस प्रकार स्थापित किया गया है कि बेटियां बेधड़क आ रही और जा रही हैं। यह जंगल राज वाले लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है।नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार की उपलब्धि को भी बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान बढ़ा है। आज कोई देश भारत की तरफ आंख उठा कर नहीं देख सकता। देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है और यह चुनाव उनका है। लोग एनडीए को इनके नाम पर मतदान कर रहे हैं।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के विकास के लिए पश्चिम चंपारण वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से सुनील कुशवाहा को जिताने का आह्वान किया। कहा कि सुनील कुशवाहा अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा संघर्ष करते हैं और राज्य से लेकर कई केंद्रीय योजनाओं को इस लोकसभा क्षेत्र में उतारा है। एनएच पर कई रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराएं हैं। वही बेतिया शहर, नरकटियागंज इत्यादि शहरों में इनके प्रयास से ओवर ब्रिज का जाल बिछाया गया है। मौके पर पूर्व उप मुख्य मंत्री रेणु देवी, राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे डॉ संजय जयसवाल पहुच सभा को संबोधित किया।जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष संजय पटेल , पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, जदयू पूर्व मंत्री खुर्शीद आलम , बेतिया डी एम दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक डी अमरकेश, इंस्पेक्टर सरफराज अहमद ,मैनाटांड़ थाना अध्यक्ष मंटू कुमार, पुरूषोत्तमपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी अपने पुलिस बल के साथ मौजूद दिखे। वही मैनाटांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार अंचल अधिकारी आशीष आनंद , डॉक्टर टीम अजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## इंटर छात्रों की मासिक परीक्षा कल से शुरू 6 जून तक रिजल्ट जारी




चाणक्य भूमि बेतिया

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा नियंत्रक ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र जारी कर मासिक परीक्षा कराने को कहा है। जानकारी के अनुसार प्लस टू स्कूल में 21 मई से लेकर 3 जून तक 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की मासिक परीक्षा ली जाएगी।

इंटर की मासिक परीक्षा दो पाली में ली जाएगी। इसमें 21 मई को पहली पाली में फिजिक्स, एंटरप्रेन्योरशिप, फिलॉसफी की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में केमिस्ट्री अकाउंटेंसी और पॉलिटिकल साइंस की परीक्षा होगी। 22 मई को पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में जीव विज्ञान, बिजनेस स्टडी और भूगोल का एग्जाम होगा। 27 मई को पहली पाली में अंग्रेजी और दूसरी पाली में हिंदी की परीक्षा होगी। 28 मई को पहली पाली में द्वितीय भारतीय भाषा और दूसरी पाली में साइकोलॉजी की परीक्षा होगी। 29 को पहली पाली में एग्रीकल्चर और अर्थशास्त्र और दूसरी पाली में समाजशास्त्र की परीक्षा होगी।

## पर्यावरण मंत्री ने NDA प्रत्याशी सुनील कुमार के पक्ष में किया जनसभा

चाणक्य भूमि बगहा



वाल्मीकी नगर विधानसभा अंतर्गत रमपुरवा पंचायत के ठाढी गांव में बिहार सरकार के सहकारिता एवम वन पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार ने NDA समर्थित जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर भारी मतों से जिताने का आग्रह किया।माननीय मंत्री जी ने मोदी सरकार एवम बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने किया। जनसभा को जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे एवम जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया ने संबोधित किया। जनसभा के उपरांत माननीय मंत्री ने प्रेस वार्ता कर मोदी सरकार एवम बिहार सरकार की उपलब्धियों को बताया। माननीय मंत्री ने प्रेस के माध्यम से वाल्मीकी नगर के सम्मानित जनता से NDA समर्थित जदयू के प्रत्याशी सुनील कुमार को वोट करने का अपील किया।









## तेज आंधी से गिरा टीन सेट से बना घर तीन लोग हुए घायल, एक की हालत गंभीर बेतिया रेफर



चाणक्य भूमि

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत मच्छरगांवा के नौगांव गांव के वार्ड नंबर 10 में सुबह में आई तेज आंधी तूफान के कारण टीन सेट से बना घर गिर गया जहां घर में मौजूदउपेंद्र यादव,अभिषेक कुमार,विश्वनाथ यादव घायल हो गए घटना के सूचना पर पहुंचे वार्ड पार्षद धर्मनाथ कुमार उर्फ अशोक कुमार ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र योगापट्टी में भर्ती काराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद उपेन्द्र यादव की हालत गंभीर देखते हुए बेतिया रेफर कर दिया।

# दो पक्षों में हुई झड़प के मामले में डेढ़ दर्जन लोगो पर एफआईआर

चाणक्य भूमि (बैरिया)



बैरिया थाना क्षेत्र के भितहा पंचायत के मठिया गांव में बीते रविवार की शाम में हुई दो पक्षों के बीच झड़प के मामले मे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गया।जिसमे पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुवे छह लोगो को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की दो पक्षों के बीच हुई झड़प के मामले में सूचना मिलते ही जमदार राजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर घटनास्थल पर पहुंच छह लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर वीरेंद्र पटेल व अभय कुमार में विवाद होते-होते रण भूमि में तब्दील हो गया।दोनो तरफ से लाठी डंडे ईंट व पत्थर जमकर चले। जिसमे कई लोग घायल हो गया।जिसमे पुलिस ने मठिया निवासी सुनील पटेल, लालजी पटेल,कमलेश पटेल,मनोज पटेल,विजय पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को भेज दिया है।

## शादी के नियत से एक अपहृता बरामद

चाणक्य भुमि बेतिया

नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत दिनों शादी की नियत एक अपहृत की गई किशोरी को पुलिस ने सोमवार की सुबह पहाड़पुर से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि इस बावत किशोरी के पिता ने थाने में आवेदन देकर 194/24 में कांड दर्ज कराया था। बताया कि काफी खोजबीन के बाद गुप्त सूचना के आधार पर किशोरी की बरामद हुई हैं। पुलिस ने बरामद युवती को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल जाँच और 164 का व्यान दर्ज कराने बेतिया भेज दिया है।






## 25 मई को होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासन चुस्त दुरुस्त

- 107 सहित अन्य धाराओं में थाना क्षेत्र के 1200 से अधिक लोगों पर हुई

चाणक्यभूमि बगहा

वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के मटियरिया थाना क्षेत्र में 25 मई को होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु विभिन्न गांव के 603 लोगों पर 107 तथा 503 लोगों पर 116 की कार्रवाई की गई है तथा तीन लोगों पर सीसीए एक्ट की कार्रवाई की गई है। उक्त क्षेत्र मे 16 संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है। थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने बताया कि मटियरिया थाना क्षेत्र के 29 भवनो मे 38 बूथ बनाये गए है, जिसमे 4 सेक्टर पदाधिकारी कि प्रतिनियुक्ति की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस बल को ठहरने हेतु तुरकौलिया माध्यमिक विद्यालय +2 में व्यवस्था की गई है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, में प्राथमिक की दर्ज , 6 गए जेल

चाणक्यभूमि बैरिया

थाना क्षेत्र के भीतहा मठिया गांव में रविवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई । दोनों तरफ से ईंट पत्थर भी चले ।दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। तथा दोनों पक्ष से तीन-तीन व्यक्तियों को जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद में अभय पटेल व वीरेंद्र पटेल के बीच मारपीट हुई है ।जिसमें अभय पटेल व वीरेंद्र पटेल के तरफ से आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अभय पटेल ने 10 व्यक्तियों पर प्राथमिक की दर्ज कराई है तथा वीरेंद्र पटेल ने आठ व्यक्तियों पर प्राथमिक की दर्ज कराई है ।दोनों तरफ से तीन-तीन व्यक्तियों को पड़कर जेल भेजा गया है। एक तरफ से सुनील पटेल ,लालजी पटेल तथा राजकुमार पटेल तथा दूसरी तरफ से कमलेश पटेल, विजय पटेल तथा मनोज पटेल को जेल भेजा गया है। बाकी के लिए छपेमारी चल रही है।

# वाल्मीकिनगर के चुनावी समीकरण में बड़े फेरबदल का संकेत

चाणक्य भूमि बगहा

वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र में जहां जनता की आम शिकायत है कि चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि लोगों का हाल-चाल जानने तक नहीं आते हैं वही इसी क्षेत्र से एक उम्मीदवार ऐसा भी है जो क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान लोगों के बीच में ही रात्रि में रुक रहा है, उनकी समस्या को सुन रहा है, अपने संकल्प को लोगों को बता रहा है और फिर सुबह वहीं से अपने चुनावी जनसंपर्क को जारी रख रहा है। हम बात कर रहे हैं निर्दलीय उम्मीदवार दिनेश अग्रवाल की जो फूलगोभी छाप के साथ चुनावी मैदान में हैं। बताते चले की गंडक पार के सभी चार प्रखंडों में दो दिवसीय जनसंवाद के दौरान दिनेश अग्रवाल ने रात्रि का समय लोगों के बीच में ही बिताया और गहराई से उनकी समस्याओं को जाना। इसके बाद गौनाहा प्रखंड, सिकटा , मैनाटांड में भी जनसंपर्क के दौरान वे रात्रि में लोगों के बीच ही रुके। गौरतलब है कि पूर्व से ही उनकी संस्था इन सुदूर क्षेत्रों में अनेक कल्याणकारी कार्य करती रही है और सिकटा में तो उनके प्रयासों से चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है। जिसके कारण भारी संख्या में लोग इनसे मिलने के लिए पहुंच रहे हैं और अपनी समस्याओं को बता रहे हैं। गंडक पार के सभी चार प्रखंडों में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है और आग लगी के साथ बाढ़ एक बड़ी त्रासदी का विषय बना हुआ है। दिनेश अग्रवाल ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे अपनी पहली प्राथमिकता में यहां जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण करेंगे, गौनाहा प्रखंड में डिग्री कॉलेज से लेकर सहोदरा स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना उनकी पहली प्राथमिकता है इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष कार्य किया जाएगा। इन सभी क्षेत्रों में एक निर्दलीय उम्मीदवार होने के बावजूद दिनेश अग्रवाल को भारी जन समर्थन मिला है, इसमें सबसे महत्वपूर्ण है वाल्मीकि नगर लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 208 पंचायत के सरपंचों का खुलेआम समर्थन और साथ में व्यवसायी वर्ग का समर्थन मिलना। ये सभी परिस्थियां वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट पर चुनावी समीकरण में एक बड़े फेरबदल का संकेत है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिकटा में प्रवास के पूर्व सुभाहा भवानीपुर पंचायत के सरपंच विजय पटेल ने दिनेश अग्रवाल का अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया।जनता के द्वारा दिनेश अग्रवाल का उत्साहपूर्वक स्वागत और जनसमर्थन पूरे प्रखंड में देखने को मिल रहा हैं।इससे यह साबित हो रहा हैं की अब जनता परिवर्तन के मूड में आ गई हैं।









# रुलही गावं सीएचसी मझौलिया की ओर से 30 महिलाओं का एनीमिया जांच

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर तथा पीएचसी मझौलिया के सौजन्य से रुलही गांव में 30 ग्रामीण महिलाओं के रक्त नमूने द्वारा एनीमिया की जांच हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवम् प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह, पीएचसी मझौलिया ब्लॉक के प्रभारी डॉक्टर ओम प्रकाश जी के सहयोग से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया, जिसके द्वारा एनीमिया/खून की कमी की व्यापकता का पता लगाया जा सकता है। जिससे पोषण शिक्षा और क्षेत्र में उपलब्ध फल, सब्जियों और औषधीय पौधों के भोजन में शामिल करने तथा खानपान की आदतों में सुधार के द्वारा कैसे इस समस्या को कम किया जा सकता है ये कृषक महिलाओं की भागीदारी से स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर इस समस्या को दूर किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर की गृह विज्ञान की वैज्ञानिक डॉ रीता देवी यादव ने बताया कि पश्चिमी चंपारण जिला विभिन्न प्रकार की औषधीय गुणों से भरपूर सब्जियों, पेड़ पौधों का भंडार है जैसे लौकी, कद्दू, सेम, बोरा, करेला, कुंदरु, परवल, पालक, भिंडी, बैंगन, हरी मिर्च, चौलाई, इसके अतिरिक्त और भी पत्तेदार साग सब्जी गर्मी के मौसम में उगाए जाते हैं। सहजन, कदंब, आंवला, जामुन, लीची, आम, खस, नीम, बेल, सेमल, नींबू, पपीता, कटहल इत्यादि हैं। कुछ पौधों के फलों को खाया जाता है तो कुछ की पूरा पौधा ही औषधीय गुणों से युक्त होता है जैसे कि पपीता का केवल फल का ही उपयोग आमतौर पर करते हैं परंतु बहुत कम लोगों को ये जानकारी है कि पपीता की पत्तियां रक्त में पैलेटलेट्स की मात्रा को बढ़ाने में बहुत अधिक प्रभावी होती हैं। ठीक उसी प्रकार लोग सहजन की फली को उपयोग करते हैं परंतु, उसकी पत्तियां, फूलों में कई गुना ज्यादा पोषक तत्त्व होते हैं। ऐसे ही आंवला, आम, जामुन इत्यादि हैं जिनके सिर्फ फल ही नहीं वल्कि इनके बीजों में फलों से ज्यादा पोषक तत्त्व उपलब्ध होते हैं। इस पर जागरूकता जानकारी के अभाव में बेहतर विकल्प बेकार चले जाते हैं। जिसे जागरूकता अभियान चलाकर उपयोग में लाया जा सकता है और कुपोषण जनित बीमारियों पर नियन्त्रण किया जा सकता है।हीमोग्लोबिन परीक्षण में तकनीकी सहयोग पीएचसी मझौलिया के अभय चौबे जी का रहा जिनके माध्यम से खून का नमूना लिया गया और लेबोरेट्री में परीक्षण किया गया।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714